हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पानीपत से भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे। यह योजना 18 से 70 वर्ष तक की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए है, जिन्होंने दसवीं कक्षा पास की है।पहले तीन वर्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण और वर्तिका दी जाएगी। आज प्रधानमंत्री भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री करनाल में महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर की आधारशिला भी रखेंगे। आज सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जयपुर में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश सम्मेलन का उद्घाटन किया और सम्मेलन को संबोधित किया।

****

****

कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में 18 मार्च से 27 मार्च तक नौ दिवसीय 1008 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। भारतीय जनतापार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने आज इस 1008 कुंडीय यज्ञ के लिए किए गए भूमि पूजन में भाग लिया। इस मौके पर उनके साथ

राज्यमंत्री कृष्ण बेदी एवं पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा भी मौजूद रहे।

श्री बड़ौली ने बताया कि हर घर यज्ञ घर-घर यज्ञ के संदेश देने के लिए पूरे हरियाणा में 27 तारीख तक जन जागरण यात्रा निकली जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन धर्म को लेकर जागृति आई है और सनातन धर्म को मानने वाले का विश्वास बड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। देश निश्चित रूप से उनके नेतृत्व में आगे बढ़ेगा और विकसित राष्ट्र बनेगा।
भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर श्री बड़ोली ने कहा -
2-बाइट -मोहन लाल बड़ोली

किसानों के दिल्ली जाने के सवाल पर श्री बड़ौली ने कहा कि किसान कहीं भी आए जाए उनके ऊपर कोई पाबंदी नहीं है। लेकिन किसानों की भी जिम्मेदारी है कि वह अपना आंदोलन मर्यादा में रहकर करें ताकि किसी को किसानों की वजह से कोई परेशानी न हो ।

****

अंबाला छावनी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात हुए एक सड़क हादसे मेंतीन लोगों की मौत हो गई । अंबाला छावनी में लालकुर्ती चौकी प्रभारीकुलदीप सिंह ने बताया कि कार सवार शाहाबाद से अंबाला शहर की ओर जा रहेथे। हादसा तब हुआ जब कार के आगे आवारा पशु आ जाने से कार डिवाइडर के ऊपर से होती हुई सड़क के दूसरी ओर सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। मृतकों की पहचान अम्बाल शहर के कैथ माजरी निवासी 40 वर्षीय अशोक कुमार,शाहाबाद निवासी 32 वर्षीय राहुल और वीरेन्द्र के तौर पर हुई है।तीनोंशवों को पोस्टमार्टम के लिए अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया
है।

****

युवा लड़कियों को गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर से बचाने के एक महत्वपूर्ण प्रयासके रूप में, पश्चिमी कमान के चंडीमंदिर स्थित कमान हॉस्पिटल ने एक विशेषएच पी वी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन पश्चिमी कमान आर्मी

वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीमती शुचि कटियार ने किया।शिविर में कुल एक हजार 10 पात्र बच्चों, जिनकी आयु 9 से 14 वर्ष थी, को माता-पिता की सहमति प्राप्त करने के बाद एचपीवी वैक्सीन दी गई। श्रीमती कटियार ने समुदाय से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए आभार व्यक्त किया और टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। इस अभियान में कई गतिविधियां आयोजित की गई, जिनमें जागरूकता सत्र, परामर्श, टीकाकरण अभियान और एचपीवी वैक्सीन की सुरक्षा और प्रभाव और समय पर टीकाकरण की आवश्यकता बारे स्वास्थ्य प्रदर्शनी शामिल थी।

****